## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.12.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

1. भारत और रूस ने आज रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से जुड़े क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए।
2. भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत किया।
3. राज्य शिक्षा संस्थान फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी दो हजार छब्बीस के लिए पांच दिवसीय कैपेसिटी–बिल्डिंग वर्कशॉप की आज शुरूआत हुई।
4. केरल के त्रिशूर में ASMITA खेलो इंडिया साउथ ज़ोन विमेंस लीग की वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में द्वीपसमूह के खिलाड़ियो ने शानदार प्रदर्शन किया।

<><><><><><><>

भारत और रूस ने आज रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया से जुड़े क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नई दिल्ली में 23वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत–रूस मैत्री वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की शक्ति प्रदान करेगी और यही विश्वास दोनों देशों का साझा भविष्य सुनिश्चत करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और रूस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने भारत के इस अटूट विश्वास को दोहराया कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा हमला है और कहा कि वैश्विक एकता आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी ताकत है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि भारत परिष्कार, कार्य–निष्पादन और परिवर्तन की नीति पर दृढ़ता से चलते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। नई दिल्ली में भारत–रूस व्यापार मंच को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत और यूरेशियन आर्थिक संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा शुरू हो चुकी है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि चाहे व्यापार हो या कूटनीति, किसी भी साझेदारी की नींव आपसी विश्वास ही है। उन्होंने आगे कहा कि यह विश्वास भारत–रूस संबंधों की सबसे बड़ी ताकत है, जो दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों को दिशा और गति प्रदान करता है।

<><><><><><><>

रिजर्व बैंक ने आर्थिक विकास को और बढ़ावा देने के लिए आज ब्याज दर में पच्चीस आधार अंकों की कटौती करते हुए इसे पांच दशमलव दो–पांच प्रतिशत कर दिया। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की पाँचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में इस निर्णय की घोषणा की। इससे आवास, ऑटो और वाणिज्यिक सहित विभिन्न ऋण सस्ते होने की उम्मीद है। यह कटौती उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के पिछले तीन महीनों से सरकार द्वारा निर्धारित दो प्रतिशत के निचले स्तर से नीचे रहने के मद्देनजर की गई है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए छह दशमलव आठ प्रतिशत के पहले के विकास अनुमान को बढ़ाकर सात दशमलव तीन प्रतिशत कर दिया है।

<><><><><><><>

राज्य शिक्षा संस्थान फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी दो हजार छब्बीस के लिए एकेडमिक टूल्स और कॉम्पिटेंसी–बेस्ड सैंपल क्वेश्चन पेपर्स तैयार करने के लिए पांच दिवसीय कैपेसिटी–बिल्डिंग वर्कशॉप की आज शुरूआत हुई। यह वर्कशॉप 10 दिसंबर तक चलेगी। FLS दो हजार छब्बीस की तैयारी के रोडमैप के हिस्से के तौर पर आयोजित इस वर्कशॉप का उद्देश्य लिटरेसी और न्यूमरेसी में हाई–क्वालिटी, फाउंडेशनल–लेवल असेसमेंट इंस्ट्रूमेंट्स डिजाइन करना है। ये टूल्स लर्निंग आउटकम्स के मजबूत मेज़रमेंट को पक्का करने और आने वाली नेशनल स्टडी की ओवरऑल क्वालिटी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएंगे। वर्कशॉप से वैलिडेट सैंपल क्वेश्चन पेपर्स और सपोर्टिंग टूल्स का एक बड़ा सेट तैयार होने की उम्मीद है, जो पूरे केंद्र शासित प्रदेश के स्कूलों को FLS दो हजार छब्बीस एक्सरसाइज के लिए अच्छे से तैयारी करने में मदद करेगा। इस पहल से बेसिक लर्निंग प्रैक्टिस को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय भोजपुरी समाज के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करेगा। यह शिविर सात दिसम्बर को सुबह नौ बजे से एक बजे तक पत्थरगड्ढा के सामुदायिक हॉल में आयोजित किया जाएगा। इस शिविर के दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, बी एम आई मूल्यांकन, नेत्र जांच और प्राथमिक रोगों की जांच की जाएगी। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य और उनका कल्याण है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने नई दिल्ली में गृह मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी से मुलाकात कर द्वीप समूह से जुड़ी कुछ प्रमुख मुद्दों पर बातचीत की। सांसद ने मंत्रालय द्वारा लंबित पड़े मामलों को सुलझाने के लिए मंत्रालय की सराहना की और आग्रह किया कि मंत्रालय के पास लंबित पड़े बाकी मुद्दों को भी प्राथमिकता दी जाए।

<><><><><><><>

केरल के त्रिशूर में VKN मेनन इंडोर स्टेडियम में हुई ASMITA खेलो इंडिया साउथ ज़ोन विमेंस लीग की वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में द्वीपसमूह के खिलाड़ियो ने शानदार प्रदर्शन किया। ननकौड़ी की तान्याशा, यूथ गर्ल्स 63 किलोग्राम कैटेगरी में कुल 130 किलोग्राम भार उठाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। कार निकोबार की अलास्का अलीना ने सीनियर महिला 49 किलोग्राम कैटेगरी में 110 किलोग्राम भार उठाकर ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया जबकि कार निकोबार की ही एम.आर. पृथिका ने तिरपन किलोग्राम कैटेगरी में 101 किलोग्राम भार उठाकर ब्रॉन्ज़ मेडल अपने नाम किया।

<><><><><><><>

नौसेना सप्ताह के दौरान सात दिसम्बर को मरीना पार्क में शाम साढ़े पांच बजे से सात बजे तक सिम्फॉनिक बैंड कॉनसर्ट का आयोजन किया गया है। भारतीय नौसेना की ओर से द्वीपवसियों को इस कॉनसर्ट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

ज़िला परिषद, उत्तर और मध्य अंडमान के तहत मायाबन्दर के टोगापुर मे शॉपिंग और मार्केटिंग के लिए बनी दुकानों के लिए पन्द्रह दिसम्बर को नीलामी रखी गई है। इस नीलामी के लिए इच्छुक व्यक्ति अपने आवेदन पत्र सभी दस्तावेजों के साथ ग्यारह दिसम्बर शाम चार बजे से पहले जिला परिषद उत्तर और मध्य अंडमान के कार्यालय में जमा कर सकते है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के NCC ARMY कैडेट्स के लिए ब्रिचगंज मिलिट्री स्टेशन की फायरिंग रेंज में फायरिंग अभ्यास का आयोजन किया गया। सभी कैडेट्स ने आज जोश और अनुशासन के साथ इस इवेंट में हिस्सा लिया। सत्र के दौरान, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के वाई सिंह ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए फायरिंग की बेसिक बातें, वेपन हैंडलिंग और सैनिक द्वारा किए जाने वाले कामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

<><><><><><><>

डिस्ट्रिक्ट लेवल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 13 और 14 दिसंबर को आयोजित होगी। इसमें ट्रेडिशनल योगासन, आर्टिस्टिक योगासन, रिदमिक योगासन, और एक्रोबैटिक योगा शामिल हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपने नाम इन्ट्री फीस के साथ दस दिसम्बर तक नेताजी स्टेडियम के ऑलम्पिक एसोसिएशन के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री श्री हरिचंद सेवा संघ नौ दिसम्बर से ग्यारह दिसम्बर तक वार्षिक महामिलन का आयोजन करने जा रहा है। इस महामिलन में संघ की ओर से सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

नगरपालिका परिषद कल और 7 दिसंबर को मरीना पार्क में दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक स्ट्रीट फूड उत्सव का आयोजन करेगा। इस इवेंट में पारंपरिक व्यंजन, लाइव कुकिंग डेमोंस्ट्रेशन और साफ़–सुथरी और सस्टेनेबल फूड–वेंडिंग अभ्यास को बढ़ावा दिया जाएगा। इस अवसर पर नगरपालिका विभाग द्वारा द्वीपवासियों और पर्यटकों को स्ट्रीट–फूड उत्सव में आंमत्रित किया गया है।

<><><><><><><>

फरारगंज के कुछ इलाकों में ABS केबल के संस्थापन के कारण कल सुबह आठ बजे से दोपहर बारह बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसमें बम्बूफ्लाट से हॉप टाउन, शोल बे, विम्बर्लीगंज से जिरकाटांग और फरारगंज से राम नगर के कुछ क्षेत्र प्रभावित रहेगे। कार्य की स्थिति को देखते हुए विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल की जाएगी।

<><><><><><><>